लेखकीय परिचय

विनोद रस्तोगी का जन्म सन 1923 में उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के शमसाबाद गाँव में हुआ | इनकी आरंभिक शिक्षा फर्रुखाबाद में तथा स्नातक स्तर की शिक्षा कानपुर में हुई | हिंदी विषय में एम. ए. करने के बाद रस्तोगी जी आकाशवाणी के इलाहाबाद केंद्र में नाट्य निर्देशक के पद पर कार्य करने लगे | इन्होंने नाट्य साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश किया | अब तक इनके आठ उपन्यास तथा दो कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं |

इनकी अनेक रचनाएँ पुरस्कृत की जा चुकी हैं | 'नए हाथ, आज़ादी के बाद, बर्फ की मीनार, गोपा का दान, दरारें, रुपया, रूप और रोटी, भागीरथ के बेटे इनकी बहुचर्चित रचनाएँ हैं |

इनकी रचनाओं में जीवन की समस्याओं का चित्रण हुआ है | आधुनिक जीवन की मानसिक कुंठाओं को इन्होने अपनी एकांकियों में स्थान दिया है |